09.28 12:09

केन्द्रीय विद्यालय विजयपुर

अर्धवार्षिक परीक्षा 2019

नमूना प्रश्न पत्र

विषय-- हिन्दी

कक्षा - सातवी. पूर्णान्क- 80

समय-2:30 घंटे

खंड (क)

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

हिन्दी केवल एक भाषा ही नही , इस देश की सभ्यता ,संस्कृति और स्वतंत्रता की भी प्रतीक है| स्वतंत्रता - आंदोलन के समुद्र-मन्थन मे से अनेक बहुमूल्य रत्न निकले ,जिनमे हिन्दी भी एक है: जो भारत वाणी बनकर सबको एक सूत्र मे पिरोने कि भूमिका मे प्रयुक्त है| राष्ट्र की स्वतंत्रता के साथराष्ट्रभाषा का प्रश्न गहराया| देश के अनेक राजनेताओ, चिन्तको,सहित्यकारो, पत्रकारो ,समाज सेवियो के सामूहिकविचार विमर्श के बाद हिन्दी राष्ट्रभाषा के के रूप मे स्थापित हुई |इसके चयन व स्थापन मे केवल हिन्दी भाषी क्षेत्र के लोगों की ही सहमति नहीं थी,अपितु इसे यह स्वरूप प्रदान करने मे हिन्दीतर भाषी लोगों कीभूमिका भी प्रबल रही है|बहुभाषी देश होने के कारण,सबको अपनी भाषा पर स्वाभाविक स्वाभिमान होना सहज है| महात्मा गांधी,केशवचंद्र सेन,नेताजी सुभाष चंद्र बोस,राजर्षि पुरुषोंतमदास टन्दन ,विनोबा भावे, राममनोहर लोहिया आदिने हिन्दी को राष्ट्र भाषा के पद पर आसीन करने हेतु अग्रणी भूमिका निभाई| स्वतंत्रता के बाद हिन्दी का प्रचार और प्रसार बहुत तेजी से हुआ |

(क) हिन्दी भाषा किसका प्रतीक है? 1

(ख)हिन्दी ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन मे क्या भूमिका निभाई?स्पष्ट कीजिये| 2

(ग)हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप मे स्थापित करने मे किन्होने मुख्य भूमिका निभाई ? 2

(घ) हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने मे इतनी सावधानी क्यों बरतनी पडी? 2

(ड) गद्यान्श का उप्युक्त शीर्षक लिखिये| 1

प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए |

मै मजदूर मुझे देवो की बस्ती से क्या?

अगणित बार धरा पर मैने स्वर्ग बनाए|

अम्बर पर जितने तारे, उतने वर्षो से,

धरती को सुन्दरतम करने की ममता मे,

बिता चुका है कई पीढिया वंश हमारा |

और अभी आगे आने वाली सदियों मे

मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे|

इस प्यासी धरती के हित मैं ही लाया,

हिमगिरी चीर,सुखद गंगा की निर्मल धारा|

मैने रेगिस्तानो की रेती धो धोकर

वंध्या धरती पर भी स्वर्निम पुष्प खिलाये

मैं मजदूर मुझे देवो की बस्ती से क्या?

(क)  धरती की प्यास बुझाने के लिए मजदूरो ने क्या किया?

(ख)मजदूरो को देवो की बस्ती से मतलब क्यों नहीं है?  2

(ग) मजदूरो के पूर्वजो ने क्या किया?  1

( घ) मजदूर पुष्प कैस खिलाता है?  1

(ङ)कितनी बार मजदूर ने स्वर्ग बनाए??  1

खंड - ख

प्रश्न 3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क) कहा -सुनी  शब्द का समास विग्रह करके समास का नाम लिखो|  1

(ख) स्वर्ग सिधार जाना और नौ दो ग्यारह होना  मुहावरो का वाक्य मे प्रयोग कीजिये|  2

(ग) चादर सी और घर घर का वाक्य बनाइये|  2

(घ) बखत शब्द का मानक रूप लिखो|  1

(ङ)पर. शब्द का एक वाक्य में दो बार ऐसा प्रयोग करें कि उसके अलग अलग अर्थ निकले |  1

(च)शर्माना से प्रतयय अलग कीजिए|  1

(छ)मगरमच्छ ----- से पानी में कूद गया |(उचित ध्वनि सूचक शब्द भरिये|  1

(ज)घना जंगल मे विशेषण शब्द छाटकर उस्क भेद लिखिए|  1

(झ)  वाला प्रत्यय  जोड कर शब्द बनाइये|  1

(ञ) दुबला -पतला शब्द की जोडी मे परिवर्तन कीजिये|  1

(ट) मिलान कीजिये. 2

आपा. शक

घना. अधिक

(ठ) हाथ और कडी शब्द जोड़ कर नया शब्द बनाइये. 1

खंड. (ग)

प्रश्न 4 अवतरण को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

हड्डियों के बीच के भाग मज्जा में ऐसे बहुत से कारखाने होते हैं जो रक्त कणों के निर्माण-कार्य में लगे रहते हैं। इनके लिए इन कारखानों को प्रोटीन, लौहतत्त्व और विटामिन रूपी कच्चे माल की जरूरत होती है। यह पौष्टिक आहार लेते हो? हरी सब्जी, फल, दूध, अंडा और गोश्त में ये तत्त्व उपयुक्त मात्र में होते हैं। यदि कोई व्यक्ति उचित आहार ग्रहण नहीं करता तो इन कारखानों को आवश्यकतानुसार कच्चा माल नहीं मिल पाता।

प्रायः यह समझा जाता है कि रक्तदान करने से कमजोरी हो जाएगी, कितु यह विचार बिलकुल निराधार है। हमारा शरीर इतना रक्त तो कुछ ही दिनों में बना लेता है। वैसे भी शरीर में लगभग पाँच लीटर खून होता है। इसमें से यदि कुछ रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन-दान बन जाए तो इससे बड़ी बात क्या होगी!य् दीदी समझाते हुए बोलीं।

(क)रक्त कणों की रचना कहाँ होती है ? 1

(ख)लेखक और पाठ का नाम बताइये ? 2

(ग)रक्त निर्माण के लिए किस कच्चे माल की आवश्यकता होती है ? 2

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | ( कोई 4 ) 2*4 =8

(क) अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो चान की नजरें नीचे क्यूँ थीं ?

(ख)पापा खो गये नाटक में सबसे बुध्धिमान पात्र आपको कौन सा लगा और क्यों ?

(ग) लेखक के दादा जी की मृत्यु क बाद घर की आर्थिक स्तिथि खराब क्यों हो गयी थी ?

(घ) खूनको भानुमती का पिटारा क्यों कहा गया है ?

(ड) सिन्धु और ब्रहमपुत्र नदी की क्या विशेषताए बताई गयी है?

6 निम्नलिखित पठित पाठ क आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

कठपुतली

गुस्से से उबली

बोली ए धागे

क्यों हैं मेरे पीछे -आगे

इन्हें तोड़ दो;

मुझे मेरे पावों पर छोड़ दो

(क)कवि तथा कविता का नाम लिखिए |

ख) कठपुतलीगुस्से से क्यों उबल पड़ई ?

ग)कठपुतली निम्नलिखित धागे तोड़ने का आग्रह क्यों करती है ?

7 . प्रशनो के उत्तर लिखिए | 2*4=8 पंची

(क)पंछी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन सी इच्छाए पूरी करना चाहते हैं ?

ख )कठपुतली को गुस्सा क्यों आया?

ग)कवि द्वारा शाम का चित्रण किस प्रकार किया गया है ?

घ )पंछी स्वतंत्र क्यों होना चाहते है ?

8 निम्नलिखित प्रशनो के उत्तर लिखिए

क)दुर्योधन भीम से क्यों जलता था?

ख) पांडवो ने अस्त्र -शस्त्र की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की ?

ग)युधिस्ठिर जुए में क्या क्या हार गए ?

खंड( घ )

प्रश्न 8 मित्र को कक्षा मे प्रथम आने पर बधाई पत्र लिखिए|

अथवा

दिन अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए |

प्रश्न 10. निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए दो. (10)

क)अभ्यास का महत्त्व

ख)दीपावली

ग)मेरा प्यारा भारतवर्ष|

प्रश्न11 बच्चे और माँ के बीच बस देर से आने पर संवाद लिखिए

अथवा

अध्यापक का विद्यार्थी से काम न करने पर हुई बातचीत को संवाद के रूप मे लिखिए | (5)